## मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण हेतु विशेष जागरूकता कार्यक्रम-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 28.09.2025 को जनपद महोबा के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये।

इस कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को महिला संबंधित समस्याओं/अपराधों के निस्तारण के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी प्रदान की गई, जिनमें शामिल हैं:

वूमेन पॉवर लाइन – 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा – 112

एम्बुलेंस सेवा – 108, चाइल्ड लाइन – 1098, स्वास्थ्य सेवा – 102

महिला हेल्पलाइन – 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन – 1076, साइबर हेल्पलाइन – 1930

कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध और अन्य कानूनी प्रावधानों के बारे में समझाया गया। इसके अतिरिक्त शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट वितरित किए गए।

इस अवसर पर थानों में नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों की भूमिका और उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। मिशन शक्ति केन्द्रों का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं के सुरक्षा, मार्गदर्शन और सशक्तिकरण में सहयोग प्रदान करना है।

यह कार्यक्रम मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।








उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 28.09.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

उत्तर प्रदेश पुलिस

## “मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0” के तहत महिला सशक्तिकरण हेतु विशेष अभियान महोबा में सक्रिय

जनपदीय पुलिस महोबा द्वारा माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना “मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0” के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 28.09.2025 को जनपद महोबा की मिशन शक्ति टीम/एण्टीरोमियो स्क्वायड द्वारा ग्राम, कस्बा, मोहल्ला एवं दुर्गा पंडालों सहित अन्य संवेदनशील स्थानों पर भ्रमण किया गया। इन स्थानों पर चौपाल लगाकर छात्राओं, बालिकाओं एवं महिलाओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा, अधिकारों और हेल्पलाइन सेवाओं जैसे वूमेन पावर लाइन-1090, यूपी-112 आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

अभियान की मुख्य विशेषताएँ:

**कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण:**

महिला सम्मान, सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

**प्रशासनिक नेतृत्व और पर्यवेक्षण:**

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में, सर्किल अधिकारियों के नेतृत्व में सभी थानों में नियुक्त मिशन शक्ति टीम/महिला बीट अधिकारी द्वारा ग्राम चौपाल आयोजित की जा रही है।

**जागरूकता और प्रशिक्षण:**

“मिशन शक्ति-05” के अंतर्गत बालिकाओं/छात्राओं और महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों की रोकथाम हेतु ग्रामीण क्षेत्रों, मोहल्लों और शिक्षण संस्थानों में चौपाल लगाई जा रही है।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की जा रही हैं।

**जानकारी एवं कल्याणकारी योजनाएँ:**

महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन और सेवाओं की जानकारी दी जा रही है, जैसे:
* महिला हेल्प डेस्क
* एंटी रोमियो स्क्वायड
* बाल श्रम उन्मूलन
* शक्ति दीदी
* यूपी-112
* वूमेन पावर लाइन-1090
* आत्मरक्षा टिप्स

साथ ही उन्हें कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है, जैसे:
* मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना
* निराश्रित महिला पेंशन
* उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन
* राष्ट्रीय पोषण मिशन
* रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष
* मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना
* प्रधानमंत्री मात्र वन्दना योजना

**उद्देश्य:**

इस अभियान का उद्देश्य जनकल्याण, मानव समाज की सेवा, महिलाओं की सुरक्षा और उनके सशक्तिकरण को सुनिश्चित करना है। शासन प्रशासन महिलाओं के उत्थान और सम्मान के प्रति पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 28.09.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना चरखारी की पुलिस टीम ने
## 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 27.09.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी, श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी श्री प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित उ0नि0 विशाल वाजपेई के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त हरप्रसाद पुत्र लेखराज उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम बगरौन थाना चरखारी जनपद महोबा सम्बन्धित केश नं0 350/23 धारा 128 CRPC थाना अजनर में मा0 न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय महोबा द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त उपरोक्त को बस स्टैंड कस्बा चरखारी के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1. उ0नि0 विशाल वाजपेई

**गिरफ्तार अभियुक्त –**

हरप्रसाद पुत्र लेखराज उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम बगरौन थाना चरखारी जनपद महोबा



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 28.09.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना चरखारी की पुलिस टीम ने अवैध देशी शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 27.09.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी, श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी श्री प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित उ0नि0 प्रशांत दीक्षित मय हमराह कां0 कुलदीप सिंह, कां0 मो0 कामिल व म0हे0कां0 शांति देवी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्ता श्रीमती नगीता कबूतरा पुत्री राजेश पत्नी अमित कबूतरा उम्र करीव 26 वर्ष निवासी ग्राम चौका थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा हाल पता कबूतरा डेरा ग्राम गौरहरि थाना चरखारी जनपद महोबा जिनके कब्जे से 01 प्लास्टिक के डिब्बे में 10 ली0 कच्ची देशी शराब महुआ नाजायज बरामद करते हुये ग्राम गौरहारी के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्ता उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 218/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 प्रशांत दीक्षित
2. कां0 कुलदीप सिंह 3.कां0 मो0 कामिल
4. म0हे0कां0 शांति देवी

### गिरफ्तार अभियुक्त –

श्रीमती नगीता कबूतरा पुत्री राजेश पत्नी अमित कबूतरा उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम चौका थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा हाल पता कबूतरा डेरा ग्राम गौरहरि थाना चरखारी जनपद महोबा



## थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 27.09.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ श्री विनोद कुमार द्वारा गठित उ0नि0 देवीशंकर मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 30/2025 धारा 137(2) बीएनएस से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त अमर सिंह उर्फ भोलू रैकवार पुत्र स्व0 रामा रैकवार उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम बमनौरा थाना अजनर जनपद महोबा को घुटई चौराहा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1. उ0नि0 देवीशंकर मिश्रा
2. का0 साहब सिंह यादव

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

अमर सिंह उर्फ भोलू रैकवार पुत्र स्व0 रामा रैकवार उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम बमनौरा थाना अजनर जनपद महोबा



## थाना खरेला की पुलिस टीम ने 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 28.09.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी, श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खरेला श्रीमती सुषमा चौधरी द्वारा गठित की गयी पुलिस टीम उ0नि0 राकेश कुमार शर्मा मय हमराह कर्मचारी के द्वारा माननीय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय से निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में 01 नफर वारण्टी अभियुक्त राजेश बाल्मीकि पुत्र स्व0 गोपाल बाल्मीकि उम्र 32 निवासी ग्राम चन्दौली जनपद महोबा सम्बन्धित केस न0 353/24 धारा 147 बीएनएस थाना खरेला जनपद महोबा को थानाक्षेत्र के ग्राम चन्दौली से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त उपरोक्त को आवश्यक कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 राकेश कुमार शर्मा
2. का0 शीलकुमार

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –

राजेश बाल्मीकि पुत्र स्व0 गोपाल बाल्मीकि उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम चन्दौली जनपद महोबा



## “संवेदनशीलता और संवाद की जीत– मिशन शक्ति केन्द्र बना परिवार की ढाल”

जनपद महोबा में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत संचालित थाना पनवाड़ी स्थित मिशन शक्ति केन्द्र ने एक बार फिर महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सार्थक करते हुए सफल हस्तक्षेप किया।

दिनांक 28.09.2025 को एक महिला द्वारा मिशन शक्ति केन्द्र पर आकर अपने पति के विरुद्ध प्रताड़ना एवं मारपीट संबंधी शिकायत दी गई।

मिशन शक्ति केन्द्र में नियुक्त महिला पुलिस अधिकारियों/आरक्षियों ने शिकायत का तुरन्त संज्ञान लिया। दोनों पक्षों को थाने पर बुलाकर संवाद और काउंसलिंग की प्रक्रिया कराई गई। धैर्यपूर्वक समझाने-बुझाने और परामर्श के पश्चात पति-पत्नी के बीच आपसी सहमति से प्रेम पूर्वक समझौता कराया गया।

इस पहल के परिणामस्वरूप अब पति-पत्नी के बीच आपसी सौहार्द स्थापित हो गया है और उनका विवाद समाप्त हो गया है। साथ ही मिशन शक्ति टीम द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि भविष्य में समय-समय पर फीडबैक लेकर महिला की सुरक्षा व संतोष का ध्यान रखा जाएगा।

यह घटना मिशन शक्ति केन्द्र की सफलता और प्रभावशीलता का स्पष्ट उदाहरण है, जहाँ संवेदनशीलता, त्वरित कार्यवाही और महिला पुलिस अधिकारियों की सक्रियता से एक परिवार को टूटने से बचाया गया और महिला को न्याय एवं सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया।

जनपद महोबा पुलिस मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर तत्पर है।






**मिशन शक्ति केन्द्र में नियुक्त महिला पुलिस अधिकारीगण-**

1. म.कां. शैलजा 2. म.कां. आरती 3. म.कां. पुष्पा 4. म.कां. शालिनी

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 28.09.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## “मिशन शक्ति अभियान 5.0 की सफलता – नाराज़ होकर घर से निकली बच्ची को सुरक्षित परिजनों से मिलाया परिवार में लौटाई खुशिया”

जनपद महोबा में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत थाना पनवाड़ी स्थित मिशन शक्ति केन्द्र ने संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया है।

दिनांक 27.09.2025 को वादी द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री के घर से बिना बताए कहीं चले जाने के संबंध में थाना स्थानीय पर धारा 137(2) BNS में अभियोग पंजीकृत कराया था।

मिशन शक्ति टीम ने त्वरित संज्ञान लिया एवं तत्काल कार्रवाई करते हुए अथक प्रयासों से आज दिनांक 28.09.2025 को उक्त लड़की को सुरक्षित बरामद कर लिया। पूछताछ में लड़की ने बताया कि वह अपने परिजनों से नाराज़ होकर घर से चली गई थी।

मिशन शक्ति केन्द्र में नियुक्त महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा परिजनों एवं लड़की दोनों को धैर्यपूर्वक समझाया-बुझाया गया। तत्पश्चात लड़की को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

इस कार्रवाई से परिवार में खुशियां लौट आईं और मिशन शक्ति अभियान का सुरक्षा, संवेदनशीलता और सशक्तिकरण का उद्देश्य फिर एक बार सार्थक हुआ।

जनपद महोबा पुलिस मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा व सहयोग के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।








**पुलिस टीम का विवरण-**

1. निरीक्षक श्री बलराम सिंह 2. उ0नि0 पवन गौड 3. उ0नि0 हार्दिक
3.म.आ. आरती 4.म.आ. पुष्पा 5.म.आ. शैलजा 6.म.आ. शालिनी

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 28.09.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## अपर पुलिस अधीक्षक एवं अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व में त्योहारों के मद्देनजर महोबा में दंगा नियंत्रण और महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष रिहर्सल/पैदल गश्त- मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई

वर्तमान परिदृश्य और आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए दिनांक- 27.09.2025 की सायं को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह एवं अपर जिलाधिकारी श्री कुंवर पंकज के संयुक्त नेतृत्व में "दंगा नियंत्रण स्कीम" के तहत थाना चरखारी क्षेत्र में विशेष रिहर्सल का आयोजन किया गया।

इस दौरान दंगा नियंत्रण उपकरणों से सुसज्जित पुलिसकर्मियों को डयूटी पर तैनात कर उन्हें दंगा नियंत्रण की कार्यप्रणाली के संबंध में ब्रीफिंग दी गई और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य त्यौहारों के दौरान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाना एवं संभावित अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखते हुए उनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित करना था।

साथ ही, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा ने महिला सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत विभिन्न दुर्गा पंडालों का भ्रमण किया। इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ संवाद कर उन्हें सुरक्षित परिवेश की अनुभूति कराई गई। इसके साथ ही महिलाओं और बालिकाओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान कीगई।

इस योजना के तहत अपर पुलिस अधीक्षक महोबा ने भारी पुलिस बल के साथ पैदल भ्रमण कर सभी सुरक्षा प्वाइंट्स का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों के साथ संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

जनपद महोबा पुलिस नागरिकों को सुरक्षित माहौल प्रदान करने के प्रति पूर्ण रूप से कटिबद्ध है। त्यौहारों के दौरान नागरिक भयमुक्त वातावरण में रह सकें, इसके लिए सभी सुरक्षा तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं, और किसी भी असामाजिक गतिविधि पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी चरखरी श्री दीपक दुबे, थानाध्यक्ष चरखारी श्री प्रवीण सिंह मौजूद रहे।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 28.09.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## "मिशन शक्ति केन्द्र की पहल से घरेलू विवाद का हुआ शांतिपूर्ण समाधान, महिला को मिला सुरक्षा का भरोसा"

जनपद महोबा में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत संचालित थाना स्थानीय स्थित मिशन शक्ति केन्द्र ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सुदृढ़ करने हेतु एक घरेलू विवाद प्रकरण में प्रभावी हस्तक्षेप कर सफल समाधान कराया।

दिनांक 28.09.2025 को ग्राम सिरमौर निवासी सुनीता पत्नी रोहित यादव द्वारा थाना स्थानीय पर प्रार्थना पत्र देकर बताया गया कि उसके पति व ससुरालीजन द्वारा घरेलू विवाद को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा है।

मामले का संज्ञान लेते हुए मिशन शक्ति केन्द्र में नियुक्त महिला पुलिस अधिकारियों/आरक्षियों द्वारा आवेदिका एवं ससुरालीजन को थाने पर बुलाकर संवाद एवं काउंसलिंग कराई गई। धैर्यपूर्वक समझाने-बुझाने एवं परामर्श के पश्चात दोनों पक्षों में आपसी सहमति बन गई और विवाद का शांतिपूर्ण समाधान हो सका।

काउंसलिंग के दौरान आवेदिका के पति रोहित यादव एवं ससुरालीजन को हिदायत दी गई कि भविष्य में ऐसी घटना पुनः न हो, अन्यथा की स्थिति में उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

यह प्रकरण मिशन शक्ति केन्द्र की संवेदनशीलता, त्वरित कार्रवाई और प्रभावी काउंसलिंग का परिणाम है, जिसके चलते एक परिवार को टूटने से बचाया गया और महिला को न्याय एवं सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया।

जनपद महोबा पुलिस मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 28.09.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## “मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0” के तहत महिला सशक्तिकरण हेतु विशेष अभियान महोबा में सक्रिय

जनपदीय पुलिस महोबा द्वारा माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना “मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0” के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 28.09.2025 को जनपद महोबा की मिशन शक्ति टीम/एण्टीरोमियो स्क्वायड द्वारा ग्राम, कस्बा, मोहल्ला एवं दुर्गा पंडालों सहित अन्य संवेदनशील स्थानों पर भ्रमण किया गया। इन स्थानों पर चौपाल लगाकर छात्राओं, बालिकाओं एवं महिलाओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा, अधिकारों और हेल्पलाइन सेवाओं जैसे वूमेन पावर लाइन-1090, यूपी-112 आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

अभियान की मुख्य विशेषताएँ:

● **कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण:**

महिला सम्मान, सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

● **प्रशासनिक नेतृत्व और पर्यवेक्षण:**

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में, सर्किल अधिकारियों के नेतृत्व में सभी थानों में नियुक्त मिशन शक्ति टीम/महिला बीट अधिकारी द्वारा ग्राम चौपाल आयोजित की जा रही है।

● **जागरूकता और प्रशिक्षण:**

“मिशन शक्ति-05” के अंतर्गत बालिकाओं/छात्राओं और महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों की रोकथाम हेतु ग्रामीण क्षेत्रों, मोहल्लों और शिक्षण संस्थानों में चौपाल लगाई जा रही है।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की जा रही हैं।

● **जानकारी एवं कल्याणकारी योजनाएँ:**

महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन और सेवाओं की जानकारी दी जा रही है, जैसे:

* महिला हेल्प डेस्क
* एंटी रोमियो स्क्वायड
* बाल श्रम उन्मूलन
* शक्ति दीदी
* यूपी-112
* वूमेन पावर लाइन-1090
* आत्मरक्षा टिप्स

साथ ही उन्हें कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है, जैसे:

* मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना
* निराश्रित महिला पेंशन
* उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन
* राष्ट्रीय पोषण मिशन
* रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष
* मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना
* प्रधानमंत्री मात्र वन्दना योजना

● **उद्देश्य:**

इस अभियान का उद्देश्य जनकल्याण, मानव समाज की सेवा, महिलाओं की सुरक्षा और उनके सशक्तिकरण को सुनिश्चित करना है। शासन प्रशासन महिलाओं के उत्थान और सम्मान के प्रति पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 28.09.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## "सवेंदनशील प्रकरण में मिशन शक्ति की पहल, पुलिस ने महिला को सुरक्षित बाहर निकालकर कराया विवाद का समाधान"

जनपद महोबा में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस एवं मिशन शक्ति टीम द्वारा एक संवेदनशील प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए महिला की जान बचाई गई तथा पति-पत्नी के बीच उत्पन्न विवाद का शांतिपूर्ण समाधान कराया गया।

दिनांक 27.09.2025 को थाना कबरई क्षेत्रान्तर्गत मोहल्ला गांधीनगर में पति-पत्नी के बीच विवाद होने की सूचना प्राप्त हुई, जिसमें पत्नी राधा पुत्री कल्लू कुशवाहा उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी ग्राम रेवई थाना चरखारी, जनपद महोबा द्वारा विवाद के कारण कमरे में मिट्टी का तेल डालकर आग लगाने का प्रयास किया जा रहा था।

सूचना पर तत्काल थानाध्यक्ष कबरई श्री सत्यवेंद्र सिंह भदौरिया, मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारी उपनिरीक्षक गौरव चौबे, महिला उपनिरीक्षक शिल्पी राजपूत एवं एकता भदौरिया पुलिस बल सहित मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम एवं मोहल्लेवासियों के सहयोग से महिला को सकुशल कमरे से बाहर निकाला गया तथा कमरे में लगी आग को बुझाया गया। महिला को आग से कोई चोट नहीं आई।

प्रकरण की जांच में ज्ञात हुआ कि राधा ने फरवरी 2025 में प्रेम विवाह शीतल कुशवाहा पुत्र मूलचंद निवासी मोहल्ला गांधीनगर थाना कबरई से किया था। त्यौहार पर मायके जाने की बात को लेकर पति-पत्नी में मामूली कहासुनी हुई थी, जिस पर महिला ने क्षणिक आक्रोशवश यह कदम उठाया।

मौके पर ही मिशन शक्ति टीम की महिला उपनिरीक्षकों द्वारा दोनों पति-पत्नी की धैर्यपूर्वक काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग उपरांत दोनों पक्षों में आपसी सहमति बन गई तथा वर्तमान में पति-पत्नी सौहार्दपूर्वक साथ रह रहे हैं।

यह घटना मिशन शक्ति केन्द्र की संवेदनशीलता, त्वरित कार्रवाई और प्रभावी काउंसलिंग का प्रत्यक्ष उदाहरण है, जिसके परिणामस्वरूप न केवल एक महिला की जान बचाई गई बल्कि एक परिवार को टूटने से भी बचाया गया।

जनपद महोबा पुलिस मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है।

